## ||कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,शिवपुरी(म0प्र0) ||

## –:: निविदा आमंत्रण सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि,मान्नीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर के ज्ञापन कमांक बी/342/चार–4–8/2016 जबलपुर दिनांक 17.01.2017 के पालन में जिला शिवपुरी की ओर आमंत्रण पत्र उच्च न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष के वातानुकूलित संयत्र (स्पिलिट) स्थापित किये जाने हेतु नियमानुसार ए0सी0 कय किया जाना है जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| कं. | सामग्री का विवरण | संख्या नग में | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (स्पिलिट) (A.C.)1.5 टन क्षमता का आउटडोर,मय स्टेवलाइजर, स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | **16 नग** | – |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (स्पिलिट)(A.C.) 2.00 टन क्षमता का आउटडोर यूनिट, मय स्टेवलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | **36 नग** | – |

उपरोक्त सामग्री हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड/फर्म/संस्थानोंसे म0प्र0 भंडार कय तथा सेवा उपार्जन निमय–2015 की कंडिका 11.2 के आलोक में दिनांक **16.08.17 से 14.09.2017 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** निर्धारित शर्तों के अधीन टू–बिड प्रणाली के तहत **सील बंद लिफाफे में (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) निविदायें आमंत्रित** की जाती है।

**निविदा शर्तें निम्नानुसार है:–**

1. निविदा दिनांक 14.09.2017 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जावेगी, निविदाकर्ता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि उक्त दिनांक एवं समय को उपस्थित रहना चाहे तो उपस्थित रह सकता है।
2. फर्म वाणिज्यिक कर विभाग जी0एस0टी0 में पंजीयन होने का जीवित प्रमाणपत्र की प्रमाणित छायाप्रति तथा वर्तमान वर्ष की आयकर रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत जायेगी।
3. निविदा में जी0एस0टी0 सहित सभी प्रकार के करों यदि कोई हो तो, व कय मूल्य का खुलासा तथा सकल योग स्पष्ट रूप से किया जायेगा।
4. निविदा का प्रारूप निविदा के साथ डाला गया है, जो मान्नीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की **वेबसाइड** www.mphc.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है या कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी से प्राप्त किया जा सकता है।
5. कय की जाने बाली सामग्री का परिवहन जिस स्थान पर लगाये जाना है उस स्थान पर किया जायेगा।

6. वातानुकूलित संयंत्र जिला मुख्यालय शिवपुरी एवं तहसील करैरा/ पिछोर में संस्थापित किये जावेगें, उनका परिवहन सप्लाई कर्ता संस्था द्वारा संबंधित स्थान पर करके देना होगा।
7. एक से अधिक फर्म/विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत की गयी दरें समान होने की स्थिति में निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/विकता की साख/कार्य की गुणवत्ता वारंटी आदि को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम साख/कार्य की गुणवत्ता वाली फर्म की निविदा स्वीकार की जा सकेगी। इसी हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
8. निविदा की शर्तें अथवा कय की गयी सामग्री सप्लाई करने आदि में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी का निर्णय अंतिम होगा।
9. वातानुकूलित संयत्र इंस्टालेशन उपरांत ही बिल भुगतान किया जायेगा।
10. वातानुकूलित संयत्र कय किये जाने की संख्या आवश्यकतानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी द्वारा कम या अधिक की जा सकेगी।
11. निविदा प्रस्तुतकर्ता द्वारा निविदा के साथ वातानुकूलित संयत्र मय स्टेवलाईजर स्टेंड व इंस्टालेशन चार्ज की आपूर्ति की जाने वाली सामग्री को सम्मिलित अनुमानित मूल्य का **<u>दो प्रतिशत</u>** प्रतिभूति राशि **<u>(Earnestmony Deposit)</u>** का **<u>डिमांड ड्राफ्ट</u>** जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का संलग्न कर प्रस्तुत कना होगा। जो निविदा की अंतिम वैधता की **तिथि से 06माह** की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक होगा। डिमांड ड्राफ्ट के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
12. असफल निविदाकर्ताओं की प्रतिभूति (**Earnestmony Deposit**) 01 माह की अवधि में वापिस कर दी जावेगी।
13. संविदा का उचित निष्पादन करने के लिये सफल निविदाकर्ता से आवश्यकतानुसार निष्पादन प्रतिभूति **<u>(Performance Guarantee)</u>** प्राप्त की जावेगी, जो सामान्य संविदा के कुल मूल्य की कुल **<u>पॉच प्रतिशत</u>** होगी। निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक का जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी के नाम का एफ0डी0आर0 के रूप में जमा की जा सकेगी।
14. निविदाकर्ता के द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा की जाने बाली एफ0डी0आर0 की राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
15. कय आदेश जारी होने के दिनांक से **<u>15 दिवस</u>** के अंदर सामग्री की प्रदायगी व इंस्टालेशन सुनिश्चित करना होगा। अन्यथा कय की जाने वाली सामग्री का कय आदेश निरस्त किया जाकर सुरक्षा निधि की राशि राजसात की जाने की कार्यवाही की जा सकेगी।
16. कय की जाने बाली सामग्री प्रदायगी उपरांत विभागीय कय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। सामग्री मानक अनुसार व गुणवत्ता अनुसार नहीं पाये जाने सप्लायर के व्यय पर 15 दिवस में प्राप्त कर लेना होगा। अन्यथा उक्त सामग्री को अन्य योग्य स्थिति से भी निराकरण जिला न्यायाधीश द्वारा किया जा सकेगा। सामग्री वापस उठाने में होने बाले बिलंव और उसके परिणामें के लिये भी विकेता स्वयं ही उत्तरदायी होगा। सामग्री कार्यालय में रखे रहने की अवधि में उपकरण की सामान्य हानि या खराबी भी विकेता द्वारा ही वहन की जावेगी।

17. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में प्रस्तुत प्रत्येक ए0सी0 पर न्यूनतम **05वर्षों की ऑनसाईट वारंटी** एवं स्टेवलाईजर पर **न्यूनतम 03वर्ष** की वारंटी प्रदान किया जाना आवश्यक है। वारंटी अवधि में ए0सी0 अथवा स्टेवलाइजर में किसी प्रकार की समस्या आने पर 07दिवस में ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा सप्लायर द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा की जाने बाली एफ0डी0आर0 की राशि में से मरम्मत पर होने बाली राशि की वसूली की जावेगी।
18. निविदा आमंत्रण की शर्तों मं विसंगति पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की विवादित स्थिति का निराकरण मध्यप्रदेश भण्डार कय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा जिसके संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी का निर्णय अंतिम होगा।
19. कय/सप्लाई/कार्य आदेश किसी भी समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी के द्वारा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने एवं निविदा से संबंधित सभी अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी के अधीन सुरक्षित रहेंगे।
20. वारंटी अवधि में संस्थापित सभी उपकरणों का रखरखाव करने का उत्तरदायित्व पूर्णतः विक्रेता का ही होगा जिस पर कोई अतिरिक्त व्यय कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी से देय नहीं होगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला,शिवपुरी।
District & Session Judge
Shivpuri (M.P.)

# निविदा–प्रारूप

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला शिवपुरी,म0प्र0।

**विषय :–** **जिला स्थापना शिवपुरी के द्वारा एयर कंडीशनर कय करने हेतु निविदा प्रस्तुत करने बावत्।**

संदर्भ:– निविदा प्रकाशन दिनांक ..........................

––00––

मैं .................................................पिता.......................................... आयु ...........वर्ष शिवपुरी के निर्देशानुसार निविदा में दर्शित अनुसार वातानुकूलित संयत्र (ए0सी0स्पिलिट) आउटडोर यूनिट सहित तथा मय स्टेवलाईजर, स्टैंड व इंस्टालेशन चार्ज सहित/सामान आपूर्ति/विकय करने हेतु निविदा प्रस्तुत करता हूँ :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विक्रेता फर्म का पूरा नाम | |
| 02 | डाक का पूर्ण पता | |
| 03 | इन्कम टेक्स पैन नंबर | |
| 04 | टिन नंबर | |
| 05 | दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर | |
| 06 | फैक्स नंबर | |
| 07 | ई–मेल आईडी | |
| 08 | अन्य विवरण | |

| क. | उपकरण/सामान का विवरण | क्षमता/गुणवत्ता | निर्माता कंपनी का नाम | अधिकतम खुदरा मूल्य प्रति नग | निविदा के अंतर्गत प्रस्तावित दर प्रति नग | (GST) टैक्स प्रति नग | कुल राशि प्रतिनग नग+(6+7) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

मैंने निविदा की समस्त शर्तें पढ़कर समझ ली है और उन्हें मैं स्वीकार करता हूं। मैं निविदा की शर्तों के अन्तर्गत प्रदाय की जाने वाली सामग्री वातानुकूलित संयत्र मय स्टेपलाईजर,स्टेण्ड व इन्सटॉलेशन चार्ज के संबंध में दो प्रतिशत प्रतिभूति राशि (Earnestmony Deposit) का डिमांड ड्राफ्ट क. ............................ दिनांक .................... रु0...................../– जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी के नाम संलग्न कर जमा कर रहा हूं।

स्थान:– (निविदा प्रस्तुतकर्ता के हस्ताक्षर)

दिनांक:– पूरा नाम :–...........................................................

पता :–.................................................................

पता

:–.................................................................................

## –: तकनीकी बिडः–

| क्र0 | सामग्री का विवरण | संख्या नग में | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय. इंस्टालेशन चार्ज सहित | 16 | |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 2.00 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | 36 | |

## –: वित्तीय बिड :–

निविदाकर्ता संस्था का नाम :– ..........................................................................

ए0सी0 की कम्पनी एवं मॉडल :– ..........................................................................

| क्र. | सामग्री का विवरण | संख्या | प्रतिनग दर | टैक्स विवरण | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | 16 | | | |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 2.00 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | 36 | | | |
| | **महायोग :–** | | | | |

बिड का कुल मूल्य (अंको में) ...........................................................रूपए।

बिड का कुल मूल्य (शब्दों में) ......................................................रूपए।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील......................................................

निविदाकर्ता का नाम एवं सम्पूर्ण पता.....................................................